कोटद्वार, शनिवार
6 दिसम्बर 2025
वर्ष: 48
अंक: 200 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### सीमेंट से लदा ट्रक ने कई वाहनों को मारी टक्कर

देहरादून। पटेलनगर थाना क्षेत्र के मोहब्बेवाला चौक पर शुक्रवार सुबह भीषण हादसा टल गया। सीमेंट से लदे बेकाबू ट्रक ने आगे रुके कई वाहनों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बद नाले का स्लैब तोड़कर पलट गया। उसकी चपेट में दुकानें भी आई। गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई। मौके पर पहुंची पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर पटेलनगर सीबीएस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब सवा आठ बजे हादसा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और सीपीयू टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने बताया कि चौक पर एक ट्रक के बैक होने के कारण अन्य गाड़ियां रुकी हुई थीं। तभी आशारोड़ी की तरफ से आ रहे सीमेंट से लदे ट्रक ने जाम में खड़ी इन गाड़ियों को जोरदार टक्कर मारी। इसके बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित नाले पर चढ़कर दुकानों में घुसा और पलट गया। इस दौरान एक ई रिक्शा और समेत चार वाहन क्षतिग्रस्त हुए। हादसे के बाद ट्रक की डीजल टंकी फटने से डीजल का रिसाव शुरू हो गया। जिसकी सूचना तत्काल फायर स्टेशन को दी गई। हादसे की वजह से मौके पर जाम लग गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए क्षतिग्रस्त छोटे वाहनों को तुरंत सड़क से हटाया और यातायात को सामान्य किया। हालांकि, सीमेंट से भरे भारी–भरकम ट्रक को हटाने के लिए हाइड्रा क्रेन की व्यवस्था की जा रही है। हादसे के बाद ट्रक मौके पर छोड़कर उसका चालक और क्लीनर फरार हो गया। उनकी तलाश की जा रही है। हादसे का कारण वाहन की तेज रफ्तार और आगे ध्यान न होना माना जा रहा है।

### दिल्ली में तीन साल में 2 लाख लोग हुए बीमार

नईदिल्ली ,केंद्र सरकार ने बताया है कि 2022 से 2024 के बीच दिल्ली के छह सरकारी अस्पतालों में सांस की गंभीर बीमारियों के 200,000 से ज़्यादा मामले दर्ज किए गए. वहीं, पिछले तीन सालों में सांस की बीमारियों से पीड़ित 30,000 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने इस बात पर जोर दिया कि वायु प्रदूषण अस्थमा, सीओपीडी और फेफड़ों के अन्य इन्फेक्शन जैसी बढ़ती बीमारियों में एक बड़ा योगदान देता है.सांसद डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी द्वारा राज्यसभा प्रश्न संख्या 274 के जवाब में पेश किए गए डेटा से पता चला कि 2022 और 2024 के बीच, एम्स, सफदरजंग, एलएचएमसी ग्रुप, आरएमएल, एनआईटीआरडी और वीपीसीआई सहित अस्पतालों में कुल 2,04,758 इमरजेंसी मामले दर्ज किए गए। इनमें से 30,420 मरीजों, यानी लगभग 15 फीसदी, को भर्ती करने की जरूरत पड़ी, जो हेल्थकेयर सुविधाओं में आने वाले मामलों की गंभीरता को दर्शाता है. साल–दर–साल के आंकड़ों से पता चलता है कि 2022 में 67,054 इमरजेंसी मामले और 9,874 भर्ती हुए, 2023 में 69,293 मामले और 9,727 भर्ती हुए, और 2024 में 68,411 मामले और 10,819 भर्ती हुए. हालांकि 2024 में कुल इमरजेंसी विजिट में थोड़ी कमी आई, लेकिन हॉस्पिटलाइजेशन में तेजी से बढ़ोतरी हुई, जो बिगड़ती गंभीरता का संकेत देता है.

### बिहार विधानसभा में द्वितीय अनुपूरक बजट पास

पटना ,बिहार विधानसभा शीतकालीन सत्र का आज अंतिम दिन है. शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2025–26 के द्वितीय अनुपूरक बजट पर चर्चा की जाएगी. बुधवार को नीतीश सरकार ने 91717.1135 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट सदन में रखा था. बिहार विधानसभा शीतकालीन सत्र कुल 5 दिनों तक चला. नयी सरकार गठन के बाद यह पहला सत्र रहा.विधान परिषद की कारवाई अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई है. शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन दोनों सदनों से अनुपूरक बजट पास हो गया है. विधानसभा का सत्र समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधान परिषद पहुंचे. विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने वॉकआउट किया. इसपर वित्त मंत्री विजेंद्र यादव ने कहा विपक्ष इधर–उधर की बात नहीं करें. विधानसभा का शीतकालीन सत्र समाप्त हो गया है. सत्र समाप्ति के बाद अनिश्चितकाल के लिए विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी है.

# वैदिक मंत्रों के साथ शुरू हुआ सिद्धबली महोत्सव का आगाज


श्री सिद्धबाबा वार्षिक अनुष्ठान के शुभारंभ पर खोह नदी में पूजन करते लोग


कोटद्वार में शुक्रवार से शुरू हुए तीन-दिवसीय श्री सिद्धबाबा वार्षिक अनुष्ठान के शुभारंभ पर एकादशीय कुंडीय यज्ञ के शुभारंभ पर पूजा करते श्रद्धालु

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : तीन दिवसीय प्रसिद्ध सिद्धबली मंदिर वार्षिकोत्सव अनुष्ठान का शुक्रवार से आगाज हो गया है। पहले दिन सुबह खोह नदी के तट पर वैदिक पूजा अर्चना के साथ कन्याएं जल कलश लेकर मंदिर परिसर में पहुंची, जिसके बाद एकादश कुंडीय यज्ञ की धूनी प्रज्वलित की गई। अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान मंदिर में विशेष भंडारे का भी आयोजन किया गया था।

पिछले कई दिनों से मंदिर समिति की ओर से वार्षिक अनुष्ठान को लेकर तैयारियों की जा रही थी। इसी के तहत शुक्रवार को अनुष्ठान के पहले दिन ब्रह्म मुहूर्त मे सिद्धबली बाबा का पिंडी महाभिषेक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मेला संयोजक व मुख्य यजमान अनिल कंसल, लैंसडौन विस के विधायक दिलीप रावत, मंदिर समिति के अध्यक्ष डा. जेपी ध्यानी, प्रबंधक शैलेश जोशी आदि ने खोह नदी के तट पर संकल्प लिया। इसके बाद बालिकाओं ने खोह नदी से जल लेकर यज्ञ स्थल तक कलश यात्रा निकाली, जिसके बाद सिद्धबली बाबा का महाभिषेक हुआ। महाभिषेक के बाद ह्यसिद्धों का डांडाह्न में सिद्धबाबा की ध्वज पताका फहराई। तदुपरांत पं. देवी प्रसाद भट्ट के दिशा-निर्देशन में एकादशीय कुंडीय यज्ञ की अग्नि प्रज्ज्वलित कर यज्ञ का शुभारंभ किया गया। यज्ञ की पूर्णाहूति आठ दिसंबर को होगी। एकादश कुंडीय यज्ञ में प्रथम दिवस पर डाली गई आहूतियों के दौरान मंदिर परिसर में सुंदर कांड का भी पाठ किया गया।

**मेले में कल आज**

पिंडी महाभिषेक : प्रातः पांच बजे

एकादश कुंडीय यज्ञ : प्रातः सात बजे

गढ़वाली भजन संध्या (मंगलेश डंगवाल व साथी) : दोपहर एक बजे

### इंडिगो की दिल्ली और चेन्नई से सभी उड़ानें रात तक रद्द, अभी नहीं बदलेंगे हालात

नईदिल्ली,। यात्रा के लिए इंडिगो की उड़ान बुक करने वाले यात्रियों को शुक्रवार को तीसरे दिन भी परेशानी का सामना करना पड़ा। एयरलाइंस ने गुरुवार को 550 से अधिक उड़ानें रद्द की थी, जबकि शुक्रवार को 400 से अधिक उड़ानें रद्द हैं। दिल्ली और चेन्नई हवाई अड्डे से सभी उड़ानें आधी रात तक रद्द कर दी गई हैं। आज रद्द उड़ानों में कम से कम 330 उड़ानें मुंबई, पुणे, बेंगलुरु और हैदराबाद की हैं, जिससे हवाई अड्डों पर अफरा–तफरी मची है।

इंडिगो की अव्यवस्था से हवाई अड्डों पर अफरा–तफरी है। यात्री एयरलाइंस कर्मचारियों पर गुस्सा उतार रहे हैं। सैंकड़ों यात्री टर्मिनल पर काफी समय से फंसे हैं। इंडिगो उड़ानें रद्द होने से दूसरी एयरलाइंस ने अपना किराया बढ़ाया है। जो किराया पहले 5,000 से 8,000 रुपये था, अब वो दोगुने से तीगुना हो गया है। एयरलाइंस की चेन्नई से 31, पुणे से 22, और श्रीनगर से 10 उड़ानें आज नहीं उड़ेंगी। एयरलाइंस का पंक्चुअलिटी परफॉर्मेंस गिरकर 19.7 प्रतिशत हो गया है।

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने इंडिगो के वरिष्ठ प्रबंधन के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की है, जिसमें मौजूदा हालात पर नाराजगी जताई। बैठक में नागरिक उड्डयन सचिव, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के प्रतिनिधि शामिल थे। मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि हवाई किराए में किसी तरह की बढ़ोतरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने हालात पर नजर रखने और जल्द से जल्द इसे ठीक करने को कहा है।

# शीतकालीन सत्र 2025 5वां दिन: संसद में उठा विमान कैंसिलेशन का मुद्दा

### सरकार बोली– मामले की जांच जारी

नईदिल्ली ,शीतकालीन सत्र 2025 का आज पांचवा दिन है. दोनों सदनों की कार्यवाही जारी है. इससे पहले बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को सुचारुरूप से चलाने के लिए सभी सांसदों की बैठक बुलाई थी. उसके बाद गुरुवार को दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारुरूप से चली.



ऑर्डर देने के बाद दस मिनट के भीतर या यथाशीघ्र सेवाएं देने वाले 'डिलीवरी ब्वॉय (आपूर्ति करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधि) की समस्याएं उठाते हुए आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि "भारतीय अर्थव्यवस्था के इन अनदेखे पहियों की खामोशी के पीछे रोजगार की जरूरत और उसे लेकर व्याप्त असुरक्षा इन्हें अपनी जान जोखिम में डालने के लिए मजबूर करती है. शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए चड्ढा ने कहा "जोमैटो, स्विगी के डिलीवरी ब्वॉय, ओला एवं उबर के ड्राइवर, ब्लिंकिट एवं जैप्टो के राइडर एवं अर्बन कंपनी के प्लंबर या ब्यूटीशियन वैसे तो गिग वर्कर हैं लेकिन वास्तव में ये लोग भारतीय अर्थव्यवस्था के अनदेखे पहिये हैं. उन्होंने कहा कि लोगों की जिंदगी में अहम बदलाव लाने वाली ई कॉमर्स और इन्स्टा डिलीवरी कंपनियां इन "खामोश कार्यबल की बदौलत अरबों रुपये कमा चुकी हैं और कमा रही हैं लेकिन यह बदलाव लाने वाले और इन कंपनियों को अरबपति बनाने वाले कामगारों की हालत दिहाड़ी मजदूरों से भी बदतर है. चड्ढा ने कहा कि तेज गति और आपूर्ति समय के दबाव के चलते यह गिग वर्कर सोचता है कि अगर देर हुआ तो रेटिंग गिर जाएगी, प्रोत्साहन राशि कट जाएगा, ऐप लॉगआउट कर देगा या आईडी ब्लॉक कर देगा. उन्होंने कहा कि इसी डर से वह लाल बत्ती को नजरअंदाज कर अपनी जान जोखिम में डालते हुए शीघ्रता से सामान की आपूर्ति करने का प्रयास करता है.उन्होंने कहा कि आपूर्ति में दस मिनट का विलंब होने पर ग्राहक की नाराजगी का डर मन में रहता है. उन्होंने कहा कि विलंब होने पर ग्राहक डिलीवरी ब्वॉय को पहले तो फोन कर डांटता है फिर उसे यह कह कर डराता है कि तुम्हारी शिकायत कर दूंगा और फिर उसे एक स्टार की रेटिंग दे कर उसकी महीने भर की मेहनत पर पानी फेर देता है. चड्ढा ने कहा कि इन लोगों का काम रोज 12 से 14 घंटे होता है, चाहे मौसम कोई भी हो. "इनके पास सुरक्षा के उपकरण भी नहीं होते और इन्हें विशेष बोनस या अतिरिक्त भत्ता भी नहीं मिलता.

### महारैली की तैयारी में कांग्रेस, दिग्गज कांग्रेसी बताएंगे कि कैसे नुकसान पहुंचा रहा एसआईआर

नई दिल्ली, कांग्रेस की राज्य यूनिट्स 14 दिसंबर को दिल्ली में स्क्क्रके खिलाफ होने वाली मेगा रैली में पार्टी वर्कर्स और सपोर्टर्स की बड़ी भीड़ लाने के लिए एक–दूसरे से मुकाबला कर रही हैं. ये रैली दिल्ली के रामलीला मैदान में होगी. चूंकि वोट चोरी, जिसका मतलब मोटे तौर पर वोटर लिस्ट में हेराफेरी के पीछे बीजेपी और ईसी के बीच कथित सांठगांठ है, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के लिए एक बड़ा मुद्दा बन गया है. इसलिए पार्टी के सबसे पुराने मैनेजर रैली की सफलता पक्का करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, जो कांग्रेस की ताकत दिखाने का एक मौका होगा. पार्टी के अंदर के लोगों ने आगे कहा कि राहुल और दूसरे बड़े नेता इस बात पर अपनी चिंता जाहिर करेंगे कि वोट चोरी देश की डेमोक्रेसी को नुकसान पहुंचा रही है. वहीं राज्य के नेताओं को वोटर लिस्ट में हेरफेर से भगवा पार्टी को कैसे फायदा हो रहा है. इस पर अपने इनपुट शेयर करने का मौका दिया जाएगा. इसके बाद रैली में राज्य यूनिट्स के लिए एक्शन प्लान भी अनाउंस किया जाएगा. पार्टी के अंदर के लोगों के मुताबिक, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और दिल्ली में कांग्रेस यूनिट्स ने पिछले कुछ दिनों में लोकल नेताओं के साथ स्ट्रेटेजी सेशन किए हैं. साथ ही उन्हें 14 दिसंबर की रैली के लिए काफी वर्कर्स जुटाने का निर्देश दिया है. शुरुआती अंदाज़ों के मुताबिक, राजस्थान यूनिट दिल्ली रैली के लिए लगभग 25,000 वर्कर्स लाने का प्लान बना रही है, जबकि कर्नाटक से लगभग 10,000 लोग आएंगे.

## भारत–रूस के बीच हुए कई समझौते

# प्रधानमंत्री मोदी बोले-हमारी दोस्ती ध्रुव तारे की तरह

नईदिल्ली,रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक हुई। इसमें दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया। इसके बाद दोनों देशों ने बैठक के दौरान हुए समझौतों का आदान–प्रदान किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने कहा, भारत–रूस 23वें शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। ये यात्रा ऐसे समय हुई है, जब हमारे संबंध ऐतिहासिक दौर से गुजर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 25 साल पहले पुतिन ने भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी की नींव रखी थी। इस बीच मानवता को कई संकट देखने पड़े, लेकिन भारत–रूस दोस्ती ध्रुव तारे की तरह बनी रही। पिछले 25 साल में उन्होंने अपने नेतृत्व से हमारे संबंध मजबूत किए हैं। उनके राष्ट्रपति रहने के दौरान ही साल 2000 में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी शुरू हुई थी। हमारे संबंध ऐतिहासक दौर से गुजर रहे हैं।



दोनों देशों ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में विजन 2030 भी जारी किया। इसमें द्विपक्षीय साझेदारी को 2030 तक बढ़ाने की रणनीति बनाई गई है। भारत–रूस के बीच सहयोग और प्रवासन, अस्थायी श्रमिक गतिविधियों, स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा, खाद्य सुरक्षा, शिप और मरीन सहयोग और खाद को लेकर समझौते हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि ये मंच हमारे आर्थिक संबंधों को नई ताकत देगा। इससे निर्यात, उत्पादन और को–इनोवेशन के नए दरवाजे खुलेंगे। पुतिन ने कहा, मैं भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे सभी भारतीय साथियों को रूसी प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी और मेहमाननवाजी भरे स्वागत के लिए धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री के साथ रात्रिभोज पर हमारी बातचीत विशेष रणनीतिक साझेदारी के लिए बहुत मददगार रही। हमने एक करीबी वर्किंग डायलॉग बनाया है। हम एससीओ सम्मेलन के दौरान मिले थे और हम खुद रूस–भारत डायलॉग की देखरेख कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी पर्यटकों के लिए मुफ्त पर्यटक वीजा जारी करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा, इस साल अक्टूबर में लाखों भक्तों ने कलमीकिया में इंटरनेशनल बुद्धिस्ट फोरम में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों का आशीर्वाद लिया है। मुझे खुशी है कि हम जल्द ही रूसी नागरिकों के लिए 30 दिन का मुफ्त ई–टूरिस्ट वीजा और 30 दिन का ग्रुप टूरिस्ट वीजा लॉन्च करने जा रहे हैं।

# युवा अधिकारियों से राज्य की जनता को नई उम्मीदें : धामी

### सीएम धामी बोले प्रशासनिक सेवा नौकरी नहीं, जनता की सेवा का ईश्वरीय कार्य

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में परिवीक्षाधीन पीसीएस अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों का हार्दिक स्वागत करते हुए उनके आगामी प्रशासनिक दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं।



उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा केवल एक रोजगार नहीं है, बल्कि यह जनता के प्रति जिम्मेदारी और सेवा की भावना से जुड़े 'ईश्वरीय कार्य' के समान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक सेवाओं में आने वाले युवा अधिकारी राज्य की रीढ़ माने जाते हैं।

कहा कि सरकारी सेवा का मूल उद्देश्य जनता के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा को केवल प्रोफेशन न समझें, बल्कि इसे समाज और देवभूमि उत्तराखंड के लोगों के लिए समर्पित एक सेवाभाव के रूप में अपनाएं। कहा कि अधिकारी जब सेवा को ईश्वरीय कार्य समझ कर कार्य करेंगे, तब उनके निर्णय अधिक पारदर्शी, संवेदनशील और प्रभावी होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी तकनीक, आधुनिक दृष्टिकोण और नए विचारों से समृद्ध है। इसलिए जनता की उम्मीदें भी युवा अधिकारियों से दोगुनी हैं। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ प्रशासन को नवाचार अपनाने की जरूरत है, चाहे वह तकनीक का उपयोग हो, प्रशासनिक प्रक्रियाओं का सरलिकरण हो या जनसंपर्क को बेहतर बनाने के तरीके। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए पारंपरिक तरीकों के साथ आधुनिक और स्मार्ट समाधान आवश्यक हैं, ताकि जनता को त्वरित और प्रभावी सेवाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता प्रशासन से न्याय, पारदर्शिता और निष्पक्षता की अपेक्षा रखती है। इसलिए अधिकारी हमेशा विनम्र, ईमानदार और निष्पक्ष रहें। कहा कि अच्छा आचरण, जनता से जुड़ाव और सही निर्णय लेने की क्षमता किसी अधिकारी की सबसे बड़ी पूंजी है।

**संवेदनशीलता जनता की सेवा का मूल आधार**

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने संवेदनशील प्रशासन की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनता प्रशासन से सम्मान, न्याय, सुनवाई और संवेदनशीलता की अपेक्षा रखती है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वे हर समस्या को मानवीय दृष्टिकोण से समझें और प्रत्येक नागरिक के साथ सम्मान पूर्ण व्यवहार करें। कहा कि जनता की समस्याएं सुनना, उन्हें समझना और समाधान के लिए तुरंत व गंभीर प्रयास करना ही एक सच्चे और प्रभावी प्रशासक की पहचान है।

### डीयू में बम की धमकी के बाद जेएनयू ने बढ़ाई सुरक्षा

नई दिल्ली,दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के रामजस कॉलेज और देशबंधु कॉलेज को बुधवार सुबह ईमेल के जरिए बम धमकी मिलने के बाद जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने अपने छात्रों, फैकल्टी, स्टाफ और कैंपस निवासियों के लिए सुरक्षा सलाह जारी की है. दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में बम धमकी की सूचना के बाद राजधानी में सुरक्षा माहौल एक बार फिर गंभीर हो गया है. उच्च स्तरीय सुरक्षा जांच की गई थी. कॉलेजों को तुरंत खाली करा कर दिल्ली पुलिस, बम स्क्वॉड व डॉग स्क्वॉड ने पूरे कैंपस की व्यापक तलाशी ली थी. हालांकि कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी, लेकिन घटना के बाद पूरे शैक्षणिक परिसरों में सतर्कता बढ़ा दी गई है. जेएनयू प्रशासन ने कहा है कि दिल्ली में हालिया धमकी और बढ़ती संवेदनशीलता को देखते हुए सभी स्टेकहोल्डर्स को अतिरिक्त सतर्क के लिए एडवाइजरी में सभी को अपने आसपास के वातावरण के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई है, विशेषकर कम भीड़ वाले स्थानों या ऐसे क्षेत्रों में जहां आवाजाही अधिक रहती है. विश्वविद्यालय ने किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि, लावारिस बैग, सामान या छोड़े गए वाहन की तुरंत सूचना सुरक्षा विभाग को देने के निर्देश दिए हैं.

# देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल बढ़ाने की तैयारी

नई दिल्ली, भारत में जर्मन दूतावास के एक बयान में कहा गया कि भारत के ई–मोबिलिटी संक्रमण के अगले चरण के तहत, दोनों देश पांच प्रमुख विषयों को प्राथमिकता दे रहे हैं. छोटे स्तर के परीक्षण से आगे बढ़कर एक एकीकृत, संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र–व्यापी दृष्टिकोण की ओर बढ़ने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया गया. भारत–जर्मन ग्रीन एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट पार्टनरशिप (जीएसडीपी) ने गुरुवार को महाराष्ट्र सदन में इलेक्ट्रिक मोबिलिटीः सिस्टम इंटीग्रेशन से कौशल विकास तक विषय के तहत जीएसडीपी वार्ता श्रृंखला के नौवें संस्करण की मेजबानी की. बैठक में केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य और शहर प्रशासनों, सार्वजनिक परिवहन उपक्रमों, वितरण कंपनियों (डिस्कॉम्स), कौशल विकास संस्थानों, उद्योग



प्रतिनिधियों, फाइनेंसरों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया. चर्चा के दौरान, इस बात पर प्रकाश डाला गया कि भारत के महत्वाकांक्षी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लक्ष्यों को केवल अक्षय ऊर्जा, परिवहन, विनिर्माण, वित्त और कौशल जैसे प्रमुख क्षेत्रों में एकीकृत योजना के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है.

# शीतकाल में श्रद्धालु चमोली में इन मंदिरों और पर्यटक स्थलों का कर सकेंगे दीदार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : उत्तराखंड की चार धाम यात्रा के समापन के साथ ही चार धाम के शीतकालीन गद्दी स्थलों पर पूजा अर्चना शुरू हो गई है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शीतकालीन यात्रा को लेकर व्यवस्थाएं चाक चौबंद की जा रही हैं। राज्य के सभी जनपदों में बड़ी संख्या में ऐसे मंदिर हैं जो वर्षभर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुले रहते हैं।

बदरीनाथ हाईवे पर ऋषिकेश से 190 किलोमीटर की दूरी पर स्थित नंदप्रयाग से नंदानगर सड़क पर 25 किलोमीटर की दूरी तय कर कुरुड़ गांव में उत्तराखंड की अधिष्ठात्री देवी मां नंदा मंदिर के दर्शन किये जा सकते हैं। यहां मां नंदा को भगवान शिव की पत्नी के रूप में पूजा जाता है। चमोली-ऊखीमठ सड़क पर गोपेश्वर से 8 किमी. की सड़क और पांच किमी. की पैदल दूरी पर स्तनदायनी अनसूया माता मंदिर पहुंचा जा सकता है। यह मंदिर निर्जन जंगल में स्थित है, प्रतिवर्ष दत्तात्रेय पर्व पर यहां दो दिवसीय अनसूया माता मेला आयोजित होता है, मंदिर में निसंतान दंपत्ति संतान कामना लेकर पहुंचते हैं। गोपेश्वर नगर क्षेत्र में स्थित गोपीनाथ मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। यह गढ़वाल क्षेत्र का सबसे बढ़ा मंदिर है। यह मंदिर भगवान रुद्रनाथ का शीतकालीन प्रवास स्थल भी है। मंदिर अपनी वास्तुकला के कारण अगल पहचान रखता है। मंदिर परिसर में एक विशाल त्रिशूल भी स्थित है, स्थानीय मान्यता है कि जब भगवान शिव ने



कामदेव को मारने के लिए अपना त्रिशूल फेंका तो वह यहां गढ़ गया। त्रिशूल की धातु अभी भी सही स्थित में है। बदरीनाथ हाईवे पर ऋषिकेश से 175 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है कर्णप्रयाग! अलकनंदा और पिंडर नदियों के संगम के चलते यह स्थान पंच प्रयोगों में शामिल है। यह संगम स्थल के साथ ही श्रद्धालु भगवान कृष्ण और कर्ण मंदिर और मां उमा देवी के दर्शन कर सकते हैं। बदरीनाथ हाईवे पर ऋषिकेश से 260 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है ज्योर्तिमठ। यहां शीतकाल में जहां बर्फबारी होने पर करीब से बर्फ देखी जा सकती है। वहीं नगर में नृसिंह मंदिर, आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी, नव दुर्गा मंदिर और भारत के चार मठों में से उत्तराम्नाय मठ (शंकराचार्य मठ) दर्शनीय है। इसके साथ नगर के समीप आणिमठ में वृद्ध बदरी मंदिर स्थित है।

**नीती घाटी में बाबा बर्फानी**

चमोली जनपद के चीन सीमा क्षेत्र में नीती घाटी में बाबा बर्फानी की गुफा स्थित है। बाबा बर्फानी तक पहुंचने के लिए निकटतम हवाई अड्डा जौलीग्रांट हवाई अड्डा है, यहां से टिम्मरसैंण बाबा बर्फानी गुफा की दूरी लगभग 354 किलोमीटर है। बदरीनाथ हाईवे से जोशीमठ तक और यहां से मलारी हाईवे पर नीती गांव पहुंचा जाता है। जहां दो किमी की पैदल दूरी पर बाबा बर्फानी की गुफा है। बाबा बर्फानी शीतकाल में दर्शन देते हैं।

**विश्व प्रसिद्ध हिमक्रीड़ा स्थल औली**

विश्व प्रसिद्ध हिमक्रीड़ा स्थली औली ज्योर्तिमठ ब्लॉक मुख्यालय से 12 किमी. की सड़क दूरी पर स्थित है। यहां विश्व प्राकृतिक सौंदर्य के साथ विश्व स्तरीय स्कीइंग स्लोप है। यहां शीतकालीन खेलों का आयोजन किया जाता है।

**एस्ट्रो विलेज बेनीताल**

चमोली जिले के कर्णप्रयाग ब्लॉक मुख्यालय से कर्णप्रयाग-गैरसैंण मोटर मार्ग पर 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां पहुंचने के निकटतम हवाई सेवा गौचर और रेलवे स्टेशन ऋषिकेश है। यहां के स्वच्छ वातावरण में खगोलीय घटनाओं और ग्रह-नक्षत्रों का दीदार किया जा सकता है। इस स्थान की इस विशेषता के चलते राज्य सरकार की ओर से बेनीताल को एस्ट्रो विलेज के रूप में विकसित किया गया है।

**आदिबद्री**

कर्णप्रयाग नैनीताल सड़क पर कर्णप्रयाग नगर से 19 किलोमीटर की दूरी पर आदिबद्री मंदिर समूह स्थित है। इस स्थान के समीप ही गढ़वाल नरेश की राजधानी चांदपुर गढ़ी और राजराजेश्वरी मंदिर के दर्शन किए जा सकते हैं।

**अन्य दर्शनीय स्थल**

इसके अलावा बैरासकुंड, वृद्ध बदरी, कल्पेश्वर, ब्रह्मताल, भेकलताल, उर्गम घाटी, निजमुला घाटी, देवताल, बेनीताल, रुपकुंड, लोहाजंग, लार्ड कर्जन रोड, पोखरी का बामनाथ मंदिर, पर्यटन स्थल मोहनखाल, ग्वालदम, वांण लाटू मंदिर, बधांण गढ़ी के सैर-सपाटे और दर्शनों के लिए भी जाया जा सकता है।

## सम्पादकीय

### अध्यापक की विकृत मानसिकता

स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर कड़े मापदंड अपनाना जरूरी है खास तौर से लड़कियों के मामले में सरकार को अब और अधिक संवेदनशील होना पड़ेगा, क्योंकि जिस प्रकार के मामले सामने आ रहे हैं उसके बाद ऐसी घटनाओं को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। हाल ही में चमोली जनपद में अतिथि शिक्षक यूनुस अंसारी द्वारा सरकारी विद्यालय में छात्र–छात्राओं के यौन शोषण व छेड़छाड़ करने का गंभीर मामला संज्ञान में आया, जिसकी शिकायतें स्वयं छात्राओं द्वारा की गई। मामला प्रकाश में आने के बाद मंत्रालय ने बच्चों की सुरक्षा एवं हितों को सवोच्च प्राथमिकता देते हुए अतिथि शिक्षक युनूस के अनुबन्ध को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। पहाड़ी क्षेत्रों में अमूमन ऐसी घटनाएं कम ही सुनने को मिलती थी लेकिन जब शिक्षकों का आचरण ही अपने विद्यार्थियों के प्रति विकृत मानसिकता का होगा तो कल्पना की जा सकती है कि विद्यालयों में बच्चे कितने सुरक्षित हैं? वैसे ही सरकारी शिक्षा की स्थिति कोई बहुत अच्छी नहीं है उस पर इस प्रकार के मामले अभिभावकों के मन में असुरक्षा का भाव पैदा कर रहे हैं। चमोली जनपद में विकासखण्ड स्तर पर गठित समिति द्वारा अगस्त 2015 में राजनीति विज्ञान विषय में प्रवक्ता पद पर यूनुस अंसारी का चयन किया गया था तथा उनकी तैनाती राजकीय इण्टर कॉलेज ईराणी, दशोली में की गयी थी। उक्त विद्यालय में नियमित शिक्षक की नियुक्ति होने पर आरोपी अतिथि शिक्षक प्रभावित हो गया था, जिसके चलते फरवरी 2020 में उन्हें राजकीय इण्टर कॉलेज गौणा में तैनाती दी गई। इस प्रकरण के बाद अब सरकार हरकत में आई है और सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सुदृढ़ करने की तैयारी है। जनपद स्तर पर निगरानी व सुरक्षा प्रोटोकॉल सख्ती से लागू किया करना जरूरी है। सरकार को विद्यालय में तैनात किए जाने वाले अध्यापकों को लेकर नियमित तौर पर मॉनिटरिंग भी करनी चाहिए एवं विद्यार्थियों के लिए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए जिसमें गोपनीय तरीके से भी इस प्रकार की घटनाओं की शिकायत सरकार से कर सकें। अध्यापकों को भगवान का दर्जा दिया जाता है और यदि ऐसी मानसिकता के अध्यापक अश्लील हरकतों में लिप्त पाए जाते हैं तो निश्चित तौर पर पूरे पेशे पर उंगलियां जरूर उठेंगी।

# फिर से एकता के प्रयास में ममता

**बनर्जी फिर से प्रयास कर रही हैं। इस बार उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का मुद्दा बनाया है। वे चाहती हैं कि सभी पार्टियां मिल कर एसआईआर के खिलाफ साझा आंदोलन चलाएं। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में एसआईआर के खिलाफ सडक़ पर उतर कर लड़ रही हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि लेफ्ट पार्टियां और कांग्रेस इस लड़ाई में उनका साथ नहीं दे रही हैं। सवाल है कि राहुल गांधी इस बार क्यों नहीं एसआईआर की लड़ाई लड़ रहे हैं? यह सही है कि अभी उनकी पार्टी बंगाल में ममता बनर्जी के साथ नही जा सकती है लेकिन कांग्रेस अकेले तो यह लड़ाई लड़ ही सकती है। लेकिन न अकेले लड़ रही है और न ममता के साथ जा रही है। यही विपक्षी एकता के रास्ते में एक पेंच है। तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी पश्चिम बंगाल में एक साथ मिल कर आंदोलन नहीं करेंगे क्योंकि दोनों को अलग अलग चुनाव लडऩा है। जब दोनों पार्टियां बंगाल में साथ नहीं आएंगी तो एकता कैसे बनेगी? ध्यान रहे यह लोकसभा का चुनाव नहीं है कि ममता बनर्जी राष्ट्रीय स्तर पर एकता बना लेंगी और बंगाल में सबको छोड़ कर अकेले लड़ेंगी। इस बार बंगाल में एकता बनानी और दिखानी होगी, जो कि वे नहीं चाहती हैं।**

**अजीत द्विवेदी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर विपक्षी एकता बनवाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भी इसके लिए प्रयास किया था लेकिन कामयाब नहीं हो पाई थीं। तब के चंद्रशेखर राव और अरविंद केजरीवाल ने भी प्रयास किया लेकिन उनको भी कामयाबी नहीं मिली। कामयाबी मिली थी नीतीश कुमार को, जो उस समय राजद और कांग्रेस के समर्थन से सरकार चला रहे थे। उनकी पहल पर विपक्षी पार्टियों की पहली बैठक पटना में उनके सरकारी आवास एक, अणे मार्ग में हुई थी और बाद में 'इंडिया' ब्लॉक का गठन हुआ।

लेकिन संयोग है कि नीतीश कुमार के 'इंडिया' ब्लॉक छोडऩे का तात्कालिक कारण भी ममता बनर्जी बनीं। असल में राहुल गांधी ने घटक दलों की वर्चुअल मीटिंग में कह दिया था कि नीतीश कुमार को 'इंडिया' ब्लॉक का संयोजक बनाने के लिए ममता बनर्जी से पूछना होगा। उस समय तक अलग होने का मन बना चुके नीतीश कुमार को इससे मौका मिल गया और वे वापस भाजपा के साथ लौट गए। अगर नीतीश जनवरी 2024 में भाजपा के साथ नहीं गए होते तो लोकसभा चुनाव की तस्वीर कुछ और होती।

बहरहाल, ममता बनर्जी फिर से प्रयास कर रही हैं। इस बार उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का मुद्दा बनाया है। वे चाहती हैं कि सभी पार्टियां मिल कर एसआईआर के खिलाफ साझा आंदोलन चलाएं। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में एसआईआर के खिलाफ सडक़ पर उतर कर लड़ रही हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि लेफ्ट पार्टियां और कांग्रेस इस लड़ाई में उनका साथ नहीं दे रही हैं। सवाल है कि राहुल गांधी इस बार क्यों नहीं एसआईआर की लड़ाई लड़ रहे हैं? यह सही है कि अभी उनकी पार्टी बंगाल में ममता बनर्जी के साथ नहीं जा सकती है लेकिन कांग्रेस अकेले तो यह लड़ाई लड़ ही सकती है। लेकिन न अकेले लड़ रही है और न ममता के साथ जा रही है।

यही विपक्षी एकता के रास्ते में एक पेंच है। तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी पश्चिम बंगाल में एक साथ मिल कर आंदोलन नहीं करेंगे क्योंकि दोनों को अलग अलग चुनाव लडऩा है। जब दोनों पार्टियां बंगाल में साथ नहीं आएंगी तो एकता कैसे बनेगी? ध्यान रहे यह लोकसभा का चुनाव नहीं है कि ममता बनर्जी राष्ट्रीय स्तर पर एकता बना लेंगी और बंगाल में सबको छोड़ कर अकेले लड़ेंगी। इस बार बंगाल में एकता बनानी और दिखानी होगी, जो कि वे नहीं चाहती हैं।

वे सिद्धांत रूप से एसआईआर के खिलाफ विपक्ष के एक साथ आने की अपील कर रही हैं। यानी समूचा विपक्ष एक साथ होकर एसआईआर के खिलाफ राजनीतिक, कानूनी और संसदीय लड़ाई लड़े और उसके बाद चुनाव में सब



अलग अलग लड़ें। इससे जाहिर है कि यह 'इंडिया' ब्लॉक को फिर से रिवाइव करने की योजना का हिस्सा नहीं है, बल्कि तात्कालिक और मुद्दा आधारित एकजुटता का प्रयास है। इस प्रयास में आंशिक कामयाबी ही हासिल होगी। अगले हफ्ते एक दिसंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है उसमें सभी पार्टियां एसआईआर का मुद्दा उठा देंगी। उसमें भी कानूनी से ज्यादा मानवीय मुद्दा हावी होगा और सबका जोर इस बात पर होगा कि समय कम होने की वजह से बूथ लेवल अधिकारियों यानी बीएलओ के ऊपर अत्यधिक दबाव है, जिससे उनकी मौत हो रही है या वे खुदकुशी कर रहे हैं। सो, यह तय मानें कि संसद का शीतकालीन सत्र एसआईआर पर हंगामे की भेंट चढ़ेगा। लेकिन वह विपक्षी एकता की गारंटी नहीं है। ध्यान रहे संसद सत्र में लगभग हर बार विपक्ष साथ मिल कर ही सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करता है।

ममता बनर्जी की अपील अपनी जगह है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि राहुल गांधी क्यों इस बार एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन या आंदोलन से दूर हैं? बिहार में इस साल जून में जब प्रयोग के तौर पर एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हुई तो सबसे ज्यादा विरोध राहुल गांधी ने किया। उन्होंने इसे वोट चोरी से जोड़ा और बिहार में यात्रा करने पहुंचे। उन्होंने दो हफ्ते तक 'वोटर अधिकार यात्रा' की, जिसमें बिहार की तमाम विपक्षी पार्टियों के नेता शामिल हुए। क्या बिहार के प्रयोग और अनुभव से राहुल गांधी ने समझ लिया है कि एसआईआर कोई चुनावी या बड़ा राजनीतिक मुद्दा नहीं है और इसलिए वे दूर हो गए हैं या कोई और कारण है?

ध्यान रहे बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान भी सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी राजद के नेता तेजस्वी यादव ने राहुल को समझाया था कि एसआईआर तो ठीक है लेकिन बिहार के स्थानीय मुद्दे गरीबी, बेरोजगारी, पलायन आदि पर बात होनी चाहिए। परंतु राहुल एसआईआर पर अड़े रहे। उस यात्रा के बाद 57 दिन तक राहुल ने बिहार का रुख नहीं किया और जब चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे तो कहीं भी एसआईआर के बारे में कुछ नहीं कहा। इसका मतलब साफ है कि एसआईआर राजनीतिक या चुनावी मुद्दा नहीं बन सका। संभवतः इसी वजह से कांग्रेस पार्टी इस बार पल्ला झाड़ कर अलग है। सिर्फ चुनावी राज्यों जैसे पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु या केरल में ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात जैसे राज्यों में भी कांग्रेस के नेता एसआईआर के खिलाफ बहुत मजबूती से नहीं लड़ रहे हैं।

हालांकि बंगाल का मामला थोडा अलग है। वहां यह भावनात्मक मुद्दा बन रहा है क्योंकि वहां बड़ी आबादी बांग्लादेश से आए लोगों की है। इनमें मुस्लिम भी हैं और दलित भी हैं, खास कर नामशूद्र। उनके लिए एसआईआर बड़ा मुद्दा हो गया है। तभी एक तरफ ममता बनर्जी की सरकार उनके लिए डोमिसाइल सर्टिफिकेट या जन्म प्रमाणपत्र बनवाने में लगी है तो दूसरी ओर भाजपा कैम्प लगा कर नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए के तहत उनके फॉर्म भरवा रही है। तभी संभव है कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर एक चुनावी मुद्दा रहे। लेकिन तमिलनाडु और केरल में तमाम विरोध के बावजूद यह बड़ा राजनीतिक मुद्दा नहीं बन पा रहा है।

तभी सवाल है कि चुनावी साल में जब एसआईआर का मुद्दा एक साझा लड़ाई का मुद्दा नहीं बन पा रहा है तो विपक्ष की एकता कैसे बनेगी? संसद की कार्यवाही के दौरान बनी एकता तो संसद के बाहर राजनीतिक एकता में नहीं बदलती है। एकता नहीं बनने का एक बड़ा कारण यह भी है कि कांग्रेस पार्टी अभी तृणमूल कांग्रेस या लेफ्ट के साथ अपने को दिखाने को बच रही है। पिछले चुनाव में बंगाल में लेफ्ट से तालमेल का खामियाजा कांग्रेस को केरल में भुगतना पड़ा था। दूसरे, ममता के साथ कांग्रेस भरोसे का संकट भी है। एक कारण यह भी है कि एकता बनाने की कोशिश देर से शुरू हुई है। एकता का प्रयास एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही होना चाहिए था। अब चार दिसंबर को पहला चरण पूरा होना है तो ममता बनर्जी एकता के प्रयास कर रही हैं।

# घुसपैठियों के मुद्दे पर भारत में सिर्फ बातें

**हरिशंकर व्यास**

दुनिया ने देखा, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका से अवैध प्रवासियों को निकाला। किसी दुश्मन देश के प्रवासी को नहीं, भारत जैसे दोस्त देश के अवैध प्रवासियों को भी ट्रंप की सरकार ने हथकड़ी और बेड़ी पहना कर सेना के विमान में भर कर भेजा था। जंजीरों में बंधे भारतीयों को लेकर अमेरिकी विमान अहमदाबाद में उतरा तो अमृतसर में भी उतरा। जंजीरों में जकड़े भारतीयों की फोटो अमेरिका की सीमा की सुरक्षा करने के लिए जिम्मेदार सर्वोच्च अधिकारी ने खुद जारी की। भारत के अलावा कई और लैटिन अमेरिकी और अफ्रीकी देशों के अवैध प्रवासियों को देश से बाहर निकाला। इसका असर भी तुरंत दिखने लगा। अब अमेरिका में अवैध रूप से घुसने के प्रयास में बड़ी कमी देखी गई है। ट्रंप ने तस्वीरों और वीडियो से पूरी दुनिया के एक संदेश दिया और पूरी दुनिया ने इसे देखा, सुना और समझा।

क्या ऐसी कोई तस्वीर भारत की ओर से कभी जारी हुई है? क्या भारत ने दुनिया को कभी दिखाया है कि देखो, ये बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं या ये म्यांमार से आए रोहिंग्या हैं, जिनको भारत बाहर निकाल रहा है? भारत में सिर्फ बातें होती हैं। घुसपैठियों के मुद्दे पर चुनाव लड़े जाते हैं। नरेंद्र मोदी ने इसी साल लाल किले से अपने भाषण में कहा कि एक डेमोग्राफिक मिशन बनाया जाएगा, जो घुसपैठ को रोकने और घुसपैठियों को निकालने के लिए काम करेगा और बताया गया कि ऐसा इसलिए जरूरी है क्योंकि घुसपैठियों को कारण भारत की डेमोग्राफी बदल रही है। भारत की



जनसंख्या संरचना घुसपैठिए बदल रहे हैं। लेकिन तीन महीने बाद डेमोग्राफिक मिशन के गठन की तो घोषणा नहीं हुई है लेकिन उसके बाद पूरा बिहार चुनाव इसी मुद्दे पर लड़ा गया कि एक एक घुसपैठिए को चुन कर बाहर निकालेंगे। लेकिन क्या कोई निकाला? अब पश्चिम बंगाल का चुनाव इस मुद्दे पर लड़ा जाएगा कि एक एक घुसपैठिए को बाहर निकालेंगे। असम में तो खैर पिछले 10 साल से इसी मुद्दे पर भाजपा की सरकार चल रही है। लेकिन विडम्बना देखिए कि जिस राज्य में लाखों बांग्लादेशी घुसपैठियों के होने की बात भाजपा के नेता करते हैं वहां से कुछ हजार घुसपैठिए भी नहीं निकाले जा सके हैं। असम कांग्रेस के नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देबब्रत सैकिया ने सरकारी आंकड़ों के आधार पर कहा कि 2016 के बाद से अभी तक कानूनी रूप से सिर्फ 26 बांग्लादेशी घुसपैठियों को डिपोर्ट किया गया है। हालांकि उनको भी देश से निकालते हुए वैसी तस्वीर नहीं आई, जैसी अमेरिका से भारतीयों के निकाले जाने की थी।

जब कानूनी रूप से कथित घुसपैठियों को डिपोर्ट करने में सरकार नाकाम रही तो पुशबैक की पॉलिसी अपनाई गई, जिसके तहत कथित घुसपैठियों को ने मेंस लैंड में धकेल दिया जाता है और बाद में वे वापस आ जाते हैं। सरकार की पुशबैक नीति को लेकर पिछले विवाद तब हुआ जब दिल्ली और असम से कुछ भारतीय नागरिकों को भी नो मेंस लैंड में भेज दिया गया, जिसमें एक गर्भवती महिला और एक बच्चे भी थे। सरकार की ओर से इसका भी कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं जारी किया जाता है कि कितने घुसपैठियों को नो मेंस लैंड में भेजा गया। दो महीने पहले मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने विधानसभा में कहा कि एक महीने में 147 लोगों को नो मेंस लैंड में भेजा गया है। इससे पहले कितने भेजे गए या उसके बाद कितने भेजे गए नहीं बताया जा रहा है। सो नैरेटिव, भाषणों से भाजपा के लिए वोट का जुगाड़ लगातार है लेकिन निकालने की हिम्मत ही नहीं!

# द राजा साब से आया बोमन ईरानी के बर्थडे पर नया पोस्टर



प्रभास स्टारर हॉरर फैंटेसी फिल्म द राजा साब के मेकर्स ने बोमन ईरानी के जन्मदिन को खुद एक सिनेमाई पल में बदल दिया. फैंस के लिए इससे बड़ा सरप्राइज क्या होगा, जब टीम ने इस दिग्गज अभिनेता का एक बिल्कुल नया लुक पोस्टर रिलीज कर दिया. इस पोस्टर ने ना सिर्फ सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी, बल्कि इंडस्ट्री में भी एक्साइटमेंट की लहर दौड़ा दी. प्रभास ने एक्टर का पोस्टर शेयर कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है. फिल्म में बोमन ईरानी एक साइकेट्रिस्ट, हिप्नोटिस्ट और पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर की भूमिका निभाते नजर आएंगे. उनका किरदार बुद्धि और रहस्य के अनोखे संगम में लिपटा हुआ है. ट्रेलर में उनका एक झलकभर सीन पहले ही दिखा चुका है कि वो प्रभास के किरदार को सम्मोहित करते हैं, जो कहानी के पहले बड़े मोड़ की शुरुआत बनता है.

जन्मदिन पर रिलीज हुआ यह स्पेशल पोस्टर फिल्म के साइकोलॉजिकल पहलू की अब तक की सबसे झलक दिखाता है. गहरे, सॉम्बर रंगों में, हाथ में छड़ी लिए, बोमन ईरानी का यह अवतार ऐसे इंसान की तरह दिखता है जो अनदेखी दुनिया की परतों में उतर चुका है.

## तेरे इश्क में ने 5वें लगाई लंबी छलांग, कृति सैनन ने अपनी फिल्म का तोड़ा रिकॉर्ड

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन और धनुष की रोमांटिक–एक्शन फिल्म तेरे इश्क में 28 नवंबर को रिलीज हुई थी। 2025 के जाने से पहले यह फिल्म वाकई दर्शकों के लिए तोहफा बनकर आई है। निर्देशक आनंद एल राय ने एक बार फिर इश्क, दर्द और जंग पर बुनी कहानी लाकर लोगों को खुश कर दिया। नतीजन तेरे इश्क में बॉक्स ऑफिस पर कब्जा जमाए बैठी है और कारोबारी दिनों में भी फिल्म की ताबड़तोड़ कमाई जारी है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, तेरे इश्क में ने रिलीज के 5वें दिन 10.25 करोड़ रुपये का बंपर कलेक्शन कर दिखाया है। चौथे दिन यानी पहले सोमवार को फिल्म ने 8.75 करोड़ रुपये कमाए थे। अगले ही दिन 1.5 करोड़ ज्यादा कमाते हुए फिल्म ने साबित कर दिया है कि ये बॉक्स ऑफिस पर लंबी रेस का घोड़ा बनकर उतरी है। इसी के साथ 5 दिनों में तेरे इश्क में ने कुल 71 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। तेरे इश्क में ने वरुण धवन अभिनीत फिल्म भेड़िया का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भेड़िया ने 66.65 करोड़ का कारोबार किया था। इस आंकड़े को पार करते हुए तेरे इश्क में कृति के करियर की 7वीं सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है।

# डे–नाइट टेस्टः जो रूट और जोफ्रा आर्चर ने 10वें विकेट के लिए की रिकॉर्ड साझेदारी

नईदिल्ली, इंग्लैंड क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट और जोफ्रा आर्चर ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ ब्रिसबेन में खेले जा रहे डे–नाइट एशेज टेस्ट में 10वें विकेट के लिए नया रिकॉर्ड बनाया। दोनों ने पहली पारी में 70 रनों की साझेदारी कर साल 2023 में माउंट माउंगानुई में टॉम ब्लंडेल और ब्लेयर टिकनर द्वारा बनाए गए 59 रनों के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। यह डे–नाइट टेस्ट में 10वें विकेट की अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी है।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। मिचेल स्टार्क (6/75) ने बेन डकेट और ओली पोप को बिना खाता खोले आउट कर शुरुआती झटके दिए। इसके बाद रूट ने जैक क्रॉली



(76) के साथ 117 रनों की साझेदारी की और फिर हैरी ब्रूक (31) के साथ 54 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलिया ने वापसी करते हुए जोश इंग्लिस के रन–आउट से कप्तान बेन स्टोक्स (19) को पवेलियन भेजा और इंग्लैंड को 264/9 पर रोक दिया। इसके बाद रूट और आर्चर छा गए। रूट ने ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर अपना पहला टेस्ट शतक 181 गेंदों में पूरा किया। वह गाबा में टेस्ट के पहले दिन शतक लगाने वाले मॉरिस लेलैंड के बाद दूसरे इंग्लिश बल्लेबाज बने और कुल मिलाकर इंग्लैंड के लिए आठवें खिलाड़ी हैं। रूट ने नाबाद 138 रन बनाए। आर्चर के बल्ले से 38 रन निकले। दोनों की साझेदारी से इंग्लैंड पहली पारी में मजबूत हुई। आर्चर के आउट होते ही इंग्लैंड की पारी 334 पर समाप्त हो गई।

रूट ने मैच के दौरान अपने टेस्ट करियर का 40वां शतक पूरा किया और वह इस प्रारूप में 40 शतक लगाने वाले सिर्फ चौथे खिलाड़ी बने। उनसे पहले भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज सचिन तेंदुलकर (51), दक्षिण अफ्रीका के जैक कैलिस (45) और ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (41) यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

# आमिर खान के प्रोडक्शन ने हैप्पी पटेल का ऐलान किया

आमिर खान प्रोडक्शंस की अनोखी जासूसी फिल्म हैप्पी पटेल का एलान हो गया है. इस फिल्म से वीर दास के डायरेक्टोरियल डेब्यू कर रहे हैं, जिसमें वीर दास और मोना सिंह लीड रोल्स में नजर आएंगे. जैसे इसका टाइटल मजेदार है, वैसे ही मेकर्स ने फिल्म का अनाउंसमेंट वीडियो और भी मजेदार अंदाज में रिलीज किया है, जिसमें आमिर खान और वीर दास दिखाई दे रहे हैं.

हैप्पी पटेल की घोषणा बिल्कुल हटके और बेहद मजेदार तरीके से की गई है. वीडियो में आमिर खान, वीर दास से पूछते नजर आते हैं कि आखिर वो फिल्म में एक्शन, रोमांस और यहां तक कि आइटम नंबर को किस अंदाज में दिखाने



वाले है? आमिर को लगातार यह चिंता सताती दिखती है कि दर्शक इस सब पर कैसा रिस्पॉन्स देंगे, जबकि उसी समय वीडियो में दूसरे लोग फिल्म की जमकर तारीफ करते नजर आते हैं. उनकी बातचीत का यह मजेदार कंट्रास्ट पूरे अनाउंसमेंट को बेहद मनोरंजक बना देता है. इतना तो पक्का है कि एक बिल्कुल अलग तरह की सिनेमा आने वाली है.

## 3 साल के भारतीय बच्चे ने रचा इतिहास, शतरंज के खेल में पाई आधिकारिक रेटिंग

नईदिल्ली, भारत के सर्वज्ञ सिंह कुशवाहा ने 3 साल, 7 महीने और 20 दिन की उम्र में शतरंज के खेल में इतिहास रच दिया है। वह सबसे कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (एफआईडीई) की आधिकारिक रेटिंग हासिल करने वाले खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने अनिश सरकार का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 3 साल, 8 महीने और 19 दिन की उम्र में यह उपलब्धि पाई थी। सर्वज्ञ मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। उनकी रैपिड रेटिंग 1,572 की है। एफआईडीई की रेटिंग पाने के लिए किसी भी खिलाड़ी को कम से कम एक एफआईडीई रेटेड खिलाड़ी को हराना जरूरी होता है। रेटिंग एक ऐसा अंक होता है जो खिलाड़ी के प्रदर्शन के आधार पर उसकी क्षमता को मापता है और यह रैंकिंग से अलग होता है। उदाहरण के तौर पर विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन रैपिड शतरंज में 2,824 की रेटिंग के साथ शीर्ष स्थान पर हैं। सर्वज्ञ अभी नर्सरी में पढ़ते हैं।

# न्यूजीलैंड बनाम वेस्टइंडीजः शाई होप ने कीवी टीम के खिलाफ लगाया पहला टेस्ट शतक

नईदिल्ली,वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज शाई होप ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ क्राइस्टचर्च टेस्ट के चौथे दिन शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा। यह उनके टेस्ट करियर का चौथा और कीवी टीम के खिलाफ पहला शतक रहा, जिसे उन्होंने 139 गेंदों में पूरा किया। उनकी इस पारी की बदौलत ही वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी में शुरुआती झटकों से उबरने में सफल हो पाई। ऐसे में आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर नजर डाल लेते हैं। वेस्टइंडीज दूसरी पारी में 531 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थी। एक समय टीम के 3 बल्लेबाज सिर्फ 55



रनों पर पवेलियन में थे। यहां से होप ने जस्टिन ग्रिव्स के साथ मिलकर पारी संभाली। होप ने आक्रामक बल्लेबाजी की और खराब गेंदों को सीमा रेखा के बाहर पहुंचाया। पहली पारी में भी होप वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 107 गेंदों का सामना किया था और उनके बल्ले से 56 रन निकले। होप ने साल 2025 में अपना दूसरा टेस्ट शतक लगाया है। इससे पहले उनके बल्ले से 8 साल तक टेस्ट क्रिकेट में कोई शतक नहीं निकला था। भारत के खिलाफ इसी साल उन्होंने दिल्ली टेस्ट में 103 रन की पारी खेली थी। इससे पहले उन्होंने साल 2017 में 2 शतक लगाए थे। वह 2 टेस्ट शतकों के बीच सर्वाधिक 58 पारियां खेलने वाले बल्लेबाज भी बने थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नरेंद्रनगर महाविद्यालय में जल्द खुलेगा यूओयू का अध्ययन केंद्र

नई टिहरी। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) ने धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय में अपना 137वां अध्ययन केन्द्र स्थापित करने के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया है। समझौता पत्र पर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय से कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी एवं राजकीय महाविद्यालय से प्राचार्य प्रो प्रणीता नन्द ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करने से पूर्व कुलपति प्रो लोहानी ने कहा कि यह अध्ययन केन्द्र न केवल क्षेत्र में उच्च शिक्षा की पहुंच को सुदृढ़ करेगा, बल्कि शिक्षार्थियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म, शैक्षणिक मार्गदर्शन एवं नवाचार आधारित सीखने के अवसर प्रदान करेगा। जो कि विद्यार्थियों, नौकरीपेशा व्यक्तियों, महिलाओं एवं दूरस्थ क्षेत्रों के शिक्षार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं लचीली शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इसे दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में सार्थक कदम बताया। उन्होंने बताया कि यूओयू अक्षम लोगों को उच्च शिक्षा के अवसर मुहैया कराने के लिए शीघ्र ही पाठ्यक्रम को संचालित करने की योजना बना रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रणीता नंद ने इसे संस्थान के लिए गर्व का अवसर बताते हुए कहा कि महाविद्यालय की आधारभूत संरचना अच्छी है। जिससे यूओयू के 112 से अधिक पाठ्यक्रमों का स्थानीय समुदाय के शिक्षार्थियों को उच्च शिक्षा के विविध पाठ्यक्रमों का सरल और सुलभ लाभ मिलेगा। इस अवसर पर उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ खेमराज भट्ट, क्षेत्रीय निदेशक अनिल कंडारी तथा महाविद्यालय की ओर से समझौता समन्वयक डॉ. देवेंद्र कुमार के साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं छात्र उपस्थित रहे।

### टिहरी का युवक मेरठ से लापता

नई टिहरी। घनसाली तहसील स्थित बछणगांव का एक युवक 19 नवंबर से मेरठ से लापता है। युवक मेरठ में एक होटल में काम करता था। बछणगांव निवासी शिवप्रसाद सेमवाल ने बताया कि उसका छोटा भाई विपिन सेमवाल (22) मेरठ के एक होटल में काम करता था। लेकिन 19 नवम्बर से वह लापता है। 18 नवंबर को ड्यूटी से आने के बाद थाना कंकरखेड़ा क्षेत्र जनपद मेरठ के एक मेडिकल स्टोर से उसके भाई ने दवाई ली थी। लेकिन उसके बाद से इसका कोई पता नहीं चल पा रहा है। परिजनों ने फोन ट्राई किया तो वह भी स्विच ऑफ आ रहा था। परिजनों ने मेरठ के कांकरखेडा में विपिन की गुमशुदगी दर्ज की है। परिजनों ने उत्तराखंड सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

### भूमि पूजन और हनुमान ध्वजारोहण के साथ पुनाड़ में पांडव नृत्य शुरू

रुद्रप्रयाग। मुख्यालय स्थित पुनाड़ पांडव चौक में भूमि पूजन और हनुमान ध्वजारोहण के साथ पांडव नृत्य का विधिवत शुभारंभ हो गया। ब्राह्मणों द्वारा पांडव चौक और अग्नि की पूजा की गई जिसके बाद इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत की गई। पहले दिन कई देवी–देवता अवतरित हुए। शुक्रवार को पांडव नृत्य एवं शिव समिति पुनाड़ के सहयोग से पुनाड़ पांडव चौक में पांडव लीला के शुभारंभ अवसर पर ब्राह्मणों द्वारा पूजा–अर्चना के साथ पांडव नृत्य शुरू किया गया। परम्परानुसार सभी पांडव पश्वाओं के साथ ही अन्य देव पश्वाओं को संकल्प सूत्र बांधा गया जिससे वे नियमव्रत पर रहते हुए इस अनुष्ठान को संपन करने में अपनी भूमिका निभाएं। इसके बाद शंकरनाथ, भैरवनाथ, धारी देवी सहित कई स्थानीय देवी देवता अवतरित हुए। इसके साथ ही हनुमान को भी अवतरित किया गया। अंत में भीम के पश्वाओं को अवतरित कराते हुए इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ किया गया।

### डीएम ने योजनाओं की समीक्षा

नई टिहरी। डीएम नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में जिला योजना एवं बीस सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने विभागवार सभी के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की, साथ ही केंद्र पोषित और राज्य सेक्टर योजनाओं की भी जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। अधिकांश विभागों का लक्ष्य के सापेक्ष कार्य पाया गया। इस बैठक में सीडीओ वरुणा अग्रवाल, सीएमओ डॉ. श्याम, डीएफओ पुनीत तोमर, डीडीओ मोहम्मद असलम सहित सभी अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पौड़ी के तमलाग गांव में 7 से होगा ऐतिहासिक मोरी मेला



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गगवाडस्यूं घाटी के तमलाग गांव में 7 दिसंबर से मोरी मेला आयोजित होगा। यह मेला 12 साल बाद आयोजित किया जाता है। 6 महीने तक चलने वाले इस मेले में बड़ी संख्या में प्रवासी ग्रामीण भी जुटते है। मेला समिति ने जिला प्रशासन से मेले के सफल आयोजन को लेकर व्यवस्थाएं जुटाने में सहयोग करने की अपील की है।

शुक्रवार को पौड़ी में आयोजित प्रेस वार्ता में मोरी मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष सुबोध नैथानी, मीडिया प्रभारी प्रदीप रावत ने बताया कि हर साल 12 में यह मेला आयोजित किया जाता है। बताया कि मेले में 6 महीने तक पांडव नृत्य के साथ ही विभन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। मेले में पूरी गगवाडस्यूं घाटी के गांव हिस्सा लेते है। मेले में गणेश पूजन के साथ ही देवप्रयाग तक पैदल यात्रा का भी संचालन किया जाता है। बताया कि हर 12 साल में आयोजित होने वाले इस मेले में बड़ी संख्या में प्रवासी ग्रामीण हिस्सा लेते हुए अपनी संस्कृति को समझते है।

बताया कि नई पीढ़ी को उनकी संस्कृति दिखाने व जीवंत रखने के लिए इस तरह के मेले निरंतर आयोजित किए जा रहे है। कहा कि मेले के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन से पेयजल, यातायात व्यवस्था दुरस्त करने व सुरक्षा को मांग की गई है। मेला समिति एवं ग्राम पंचायत प्रधान सुबोध नैथानी के नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल मंडल मुख्यालय पौड़ी जिलाधिकारी से मिलने पहुंचा था, लेकिन जिलाधिकारी से शिष्ट मंडल का संपर्क नहीं हो सका। उन्होंने ऐतिहासिक मेले में सहयोग जिला प्रशासन से कोई सहयोग की अपील की है।

# हर्बल एवं औषधीय उत्पादों के संवर्धन और प्रोत्साहन पर विशेष ध्यान दें : धामी



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आयोजित जड़ी-बूटी सलाहकार समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों में क्लस्टर बनाकर हर्बल क्षेत्र में व्यवस्थित रूप से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि उच्च हिमालयी क्षेत्रों में उपलब्ध हर्बल एवं औषधीय उत्पादों के संवर्धन और प्रोत्साहन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जड़ी-बूटी और एरोमा सेक्टर में अग्रणी दो राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिसेज का अध्ययन करने हेतु राज्य से विषय विशेषज्ञों की टीम भेजी जाए, जिससे उत्तराखंड में भी इन नवाचारों को लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि जड़ी-बूटी क्षेत्र में टर्नओवर बढ़ाने के लिए अनुसंधान, नवाचार, उत्पादन, विपणन और ब्रांडिंग पर समन्वित रूप से कार्य हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र प्राकृतिक हर्बल संपदा का केंद्र है। राज्य में इसकी अपार संभावनाओं को देखते हुए हर्बल इकोनॉमी को विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है।

किसानों को उनके उत्पाद का अधिकतम लाभ दिलाने, स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने तथा महिलाओं को आर्थिकी से जोड़ने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि हर्बल उत्पादों की वैल्यू एडिशन, प्रसंस्करण और प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये पंतनगर विश्वविद्यालय के सहयोग भी लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन क्षेत्रों में भालू सहित अन्य जंगली जीवों से जनजीवन और फसलों को नुकसान पहुंच रहा है, वहां कृषि एवं वन विभागों की संयुक्त टीमें भेजी जाएं। ये टीमें लोगों को सुरक्षा उपायों और फसल संरक्षण के लिए जानकारी प्रदान करें।

# छात्रों और स्टाफ को दिया आपदा से बचाव का प्रशिक्षण

नई टिहरी। जिला आपदा प्रबंधन विभाग ने सुरक्षा के दृष्टिगत राजकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय (राउमावि) देवताधार में छात्रों व स्टाफ को आपदा का प्रशिक्षण देने के साथ ही आपदा को लेकर जागरूक किया। इसके साथ आपदा के दौरान विभागों से समन्वय को लेकर अहम टोल फ्री नंबरों की भी जानकारी दी। डीएम नितिका खंडेवाल ने निर्देश पर दिये जा रहे इस प्रशिक्षण में राउमावि देवताधार में आपदा प्रबंधन जागरुकता, लाइफ सेफ्टी पर आधारित आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 1 दिवसीय आपदा प्रबंधन एवं न्यूनीकरण व त्वरित राहत–बचाव कार्य एवं जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण टिहरी के मास्टर ट्रेनर अनिल सकलानी ने प्रशिक्षण व जनजागरूकता कार्यक्रम में अहम जानकारियां दी। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं व विद्यालय कार्मिक को विद्यमान तथा संभावित प्राकृतिक आपदाओं के विषय में जानकारी दी गई। आपदा के प्रकार आपदा के पहले, आपदा के दौरान और पश्चात की कार्यवाही के बारे में बताया गया। जिसमें आपदा से पूर्व तैयारी, सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के बारे में कई अहम पहलुओं से अवगत कराया गया।

बेसिक उपकरणों की जानकारी, आपातकालीन स्थिति के समय क्या करें, स्ट्रेचर बनाना, प्राथमिक उपचार, सीपीआर, आग से बचने के तरीके और बाढ़ से बचाव के तरीके आदि संबंधित जानकारी भी दी। जनपद आपातकालीन, राज्य आपातकाल आपातकालीन के टोल फ्री नंबरों की जानकारी साझा की गई।

### आपत्तिजनक बयान देने के खिलाफ दर्ज हो मुकदमा

देहरादून। हिन्दु एकता परिषद रुद्रदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज रस्तोगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। इसके माध्यम से उन्होंने जमीयत उलेमा–ए–हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी द्वारा दिए गए देश की संप्रभुता, उच्चतम न्यायपालिका की गरिमा और राष्ट्रीय भावनाओं पर हमला करने वाले आपत्तिजनक बयानों के विरुद्ध तत्काल कठोर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग उठाई। रुद्रदल ने मांग की है कि मौलाना महमूद मदनी के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। इस दौरान राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव अमृत, संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता केके गोयल, नगर अध्यक्ष मीनाक्षी खरौला, विजय कुटियाल, नगर प्रवक्ता अरुण सैनी, नगर अध्यक्ष रूपेश खरौला, सदस्य पूजा रानी, निशा देवी आदि मौजूद रहे।

# सीएचओ को शनिवार के दिन नहीं मिलेगा अवकाश : सीएमओ



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित की गयी, बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्साधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन के लिए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने प्रति शनिवार आयुष्मान आरोग्य शिविरों के आयोजन के मद्देनजर सीएचओ को शनिवार के दिन अवकाश न देने के निर्देश भी दिए। अवकाश अति आवश्यक होने पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी संबंधित सीएचओ के आयुष्मान आरोग्य शिविर के आयोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कर ही अवकाश प्रदान करें।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अभिषेक गुप्ता ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक से अधिक टीबी रोगियों की खोज हेतु बलगम जांच दर ओपीडी के सापेक्ष अनिवार्य रूप से अधिक से अधिक करने के निर्देश दियें। अटल आयुष्मान योजना के तहत जनपद के समस्त सरकारी अस्पतालों में लाभार्थियों को अधिक संख्या में पूरा इलाज का लाभ मिले इसके लिए निर्देशित किया गया। साथ ही जनपद के सीमांत ग्रामों के वाइब्रेट विलेज के समस्त निवासियों के आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान, वय वंदना कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निर्देश दिये कि उपलब्ध बजट का अधिक से अधिकतम उपयोग स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने में किया जाए। गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत सभी ब्लॉक को अवगत कराया गया है कि सभी चिकित्सा इकाइयों में शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने एवं राज्य स्तर पर दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष समय पर स्वास्थ्य केन्द्रो की गुणवत्ता सुधार पूर्ण करने के निर्देश किए गए। कांप्रिहेंसिव प्राइमरी हेल्थ केयर कार्यक्रम की समीक्षा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रति शनिवार आयुष्मान आरोग्य केंद्र में पीएचसी स्तर पर आयोजित हो रहे स्वास्थ्य शिविरों की पोर्टल पर रिपोर्टिंग न होने पर नाराजगी व्यक्त की।

# टिहरी झील में वाटर स्पोर्ट्स को मिलेगा बढ़ावा



नई टिहरी। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में टिहरी बांध जलाशय की वहन क्षमता और सुरक्षित जल–क्रीड़ा गतिविधियों के विकास को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि बोट यूनियन के सभी संचालक निर्धारित जोन के भीतर ही बोट संचालन सुनिश्चित करें, जिससे जलाशय में किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि टिहरी में पर्यटन को सुदृढ़ करने के लिए टेंट सिटी का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है, जिस पर जल्द निर्णय की अपेक्षा है। बैठक के दौरान नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वॉटरस्पोर्ट्स, गोवा के मैनेजर रणजीत सिंह ने वाटर–स्पोर्ट्स ट्रेनिंग, लाइसेंस प्रक्रिया, फिजिबिलिटी स्टडी, रिस्क असेसमेंट, सेफ्टी ऑडिट और अकादमिक कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संस्थान के इंस्ट्रक्टर समीर ने बताया कि देश में पहली बार ऐसा सर्वे टिहरी में किया गया है। इस सर्वे में जलाशय की क्षमता को अध्ययन कर यह निर्धारित किया गया कि किस क्षेत्र में कितनी बोटें सुरक्षित रूप से संचालित हो सकती हैं।

टीम ने टिहरी जलाशय को कोटि कॉलोनी, ली रोई, डोबरा–चांठी, नंदगांव और सादंणा बोटिंग प्वाइंट सहित पाँच जोन में चिन्हित किया है। सर्वे को हाई–वाटर और लो–वाटर लेवल के दो चरणों में पूरा किया गया। बैठक में बोट यूनियन प्रतिनिधियों ने यॉट मेंटेनेंस, ली रोई बोटिंग प्वाइंट तक 200 मीटर सड़क निर्माण और टेंट सिटी जैसी सुविधाओं की आवश्यकता पर भी मांगें रखीं।

### यमुना कॉलोनी में विधायक ने किया सड़क कार्य का लोकार्पण

देहरादून। कैंट विधायक सविता कपूर ने शुक्रवार को अपनी विधायक निधि के तहत वार्ड संख्या 33 यमुना कॉलोनी क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस मौके पर विधायक सविता कपूर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए विकास कार्यों की श्रृंखला निरंतर जारी है। प्रत्येक वार्ड में आवश्यकतानुसार सड़क, नाली एवं पेयजल से संबंधित कार्यों को कराया जा रहा है, ताकि आमजन को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। यह सड़क निर्माण कार्य यमुना कॉलोनी के समीप सीसी रोड के रूप में कराया जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। स्थानीय निवासियों द्वारा लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी,

# कौथिग में पंचतत्व बैंड के कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

नई टिहरी। नगर पालिका की ओर से आयोजित त्रिवेणी कौथिग की चौथी सांस्कृतिक संध्या में पंचतत्व बैंड और पहाड़ी उड़ान से जुड़े कलाकारों से लेकर स्थानीय छात्रों की शानदार प्रस्तुतियों ने कड़ाके की ठंड में भी देर रात तक पंडाल में बैठने को मजबूर किया। इसके साथ ही कौथिग में मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की। जिसमें अंजलि,तरन्नुम परवीन,सानिया प्रथम स्थान पर रही।

वीरवार को आयोजित कौथिग की चौथी सांस्कृतिक संध्या का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को आगे बढ़ाने में मेला,कौथिगों का महत्वपूर्ण योगदान है। कहा कि विस्थापित शहर नई टिहरी में इस तरह के आयोजन बहुत जरूरी है। उन्होंने कौथिग में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। सांस्कृतिक संध्या में पंचतत्व बैंड़ की गायक अनुराग नौटियाल,अरविंद चौहान,प्रदीप पंचोला ने टिहरी डुबण लग्यू,दैणा होई खोली का गणेशा,जय बद्री,केदारनाथ,सीता पानी की जांदी,तांदी रे तांदी,रमसा छोरी,सिल्की बांद,जीतू बगड़वाल की शानदार प्रस्तुति दी। इसके साथ ही नरेंद्र महिला विद्यालय भागीरथीपुरम,सरस्वती विद्या मंदिर प्रदर्शनी मैदान,पीजी कॉलेज,देवभूमि ग्रुप,बालिका विद्या मंदिर ढुंगीधार आदि के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जबकि कौथिग में विभिन्न आयु वर्गों की मेहंदी प्रतियोगिता भी संपन्न कराई गई। जिसमें 21 से 30 वर्ष में अंजलि गिरी प्रथम,मोनिका द्वितीय,साक्षी तृतीय स्थान पर रही। 14 से 20 वर्ष में सानिका पहले,इशिका दूसरे,सिद्धिका तीसरे स्थान पर रही। 31 वर्ष में तरन्नुम परवीन प्रथम,पूजा देवी द्वितीय,हिना अजीम तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत,एएसपी जेआर जोशी,थानाध्यक्ष एश्वर्य पाल,ईओ वासुदेव डंगवाल,कार्यक्रम संयोजक राकेश बधानी,सभासद मानवेंद्र रावत, उर्मिला राणा ,डॉ.प्रीति पोखरियाल, सीमा नेगी,निर्णायक गोविंद रावत,भरतराम बड़ोनी, अनिल बधानी, आशा सरियाल, रजनी बनियाल,ममता मखलोगा,यमुना रावत,बबीता चौहान,सुषमा बिष्ट,कविता इस्टवाल आदि मौजूद थे।

# बीएलए और बीएलओ के समंजस्य से आसानी से सम्पादित होगा एसआईआर



देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण के दुष्टिगत 31 दिसंबर तक शत प्रतिशत बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए ) की नियुक्ति के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं के साथ–साथ राजनैतिक दलों की अहम भूमिका होती है जिसके लिए जरुरी है कि हर पोलिंग बूथ पर राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 11733 बूथ के सापेक्ष 4155 बीएलए ही नियुक्त हैं। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से आगामी 31 दिसंबर तक सभी दल अपने बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए ) की शत–प्रतिशत तैनाती करने की अपील की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियां शुरु कर दी गई है। प्री एसआईआर फेज में प्रदेश की वर्तमान मतदाता सूची में शामिल लगभग 40 वर्ष तक की आयु के ऐसे मतदाता जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज थे उनकी सीधे बीएलओ एप से मैपिंग की जाएगी। इसके साथ ही 40 वर्ष से कम आयु के ऐसे मतदाता जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में किसी कारणवश नहीं है तो उनके माता–पिता अथवा दादा–दादी के नाम के आधार पर प्रोजनी के रुप में उनकी मैपिंग की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची सर्च की जा सकती है।

### परिवहन विभाग की कार्रवाई में 171 बसों के चालान, 42 सीज

देहरादून। परिवहन विभाग ने देहरादून, हरिद्वार और रुड़की क्षेत्र में बसों की ऑनलाइन टिकट बुक करने वाले कंपनियों की बसों के खिलाफ कार्रवाई की। विभाग की टीमों ने 171 बसों के चालान कर 42 को सीज की हैं। विभाग को लगातार ऑनलाइन टिकट बुक करने की शिकायत मिल रही थी। यह भी शिकायत थी कि बसें परमिट शर्तों का उल्लंघन कर स्टेज कैरिज परमिट वाली बसों की तरह यात्री परिवहन कर रही है। शिकायत पर आरटीओ (प्रवर्तन) डॉ. अनीता चमोला ने चार सचल दल और चार बाइक स्क्वायड की तैनाती कर रोटेशन के आधार पर चेकिंग अभियान चलाया चलाया। आरटीओ ने बताया कि अभियान के दौरान 171 बसों के चालान किए गए हैं। जबकि 42 बसें सीज की गई है। बताया कि उत्तराखंड ऑन डिमांड (सूचना प्रौद्योगिकी आधारित)ठेका गाड़ी की ओर से परिवहन (संशोधन) नियमावली 2024 के प्राविधानों के अनुसार उत्तराखंड राज्य में ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से टिकट बुकिंग के लिए एग्रीगेटर लाइसेंस लिया जाना अनिवार्य है।

# रेड क्रॉस ने दून के अनुराग चौहान को पैट्रन के रूप में किया शामिल

देहरादून। दून के प्रमुख समाजसेवी और ह्यूमन्स फॉर ह्यूमैनिटी के संस्थापक अनुराग चौहान को भारत में सामुदायिक कल्याण के प्रति उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा पैट्रन के रूप में सम्मानित किया गया है।

वैश्विक रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट मूवमेंट का हिस्सा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने अनुराग के मिशन के साथ ही अपने मूल्यों निष्पक्षता, करुणा और वंचित समुदायों की सेवा के बीच के सामंजस्य को स्वीकार किया। भारत में यह संस्था राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मानद नेतृत्व में कार्य करती है। पिछले एक दशक से अधिक समय से अनुराग चौहान ने मासिक धर्म स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण और समानता आधारित जागरूकता पर काम किया है। दून में शुरू हुई ह्यूमन्स फ़ॉर ह्यूमैनिटी की पहल एक आंदोलन के रूप में ढल चुकी है, जिसका उद्देश्य गलत धारणाओं को दूर करना और ग्रामीण तथा हाशिए पर मौजूद समुदायों में मासिक धर्म स्वच्छता की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करना है। उनकी संस्था ने मासिक धर्म स्वास्थ्य को अधिक समावेशी बनाते हुए ट्रांस पुरुषों तक भी अपनी सहायता पहुंचाई है। कोविड–19 लॉकडाउन के दौरान अनुराग के नेतृत्व में संगठन ने बड़ा राहत अभियान चलाया, जिसके तहत लगभग दो वर्षों में 8 हजार परिवारों को पके हुए भोजन और राशन किट उपलब्ध कराई गईं।

# कांग्रेस नेता डॉ. हरक सिंह रावत ने नर्सिंग अभ्यार्थियों की रैली में शामिल होकर दिया समर्थन

देहरादून। नर्सिंग एकता मंच की ओर से वरिष्ठता के आधार पर नर्सिंग अधिकारी की भर्ती समेत अन्य मांगों को लेकर परेड ग्राउंड के बाहर धरना प्रदर्शन किया। मंच से जुड़े पदाधिकारियों व नर्सिंग अधिकरियों ने मांगों को लेकर रैली भी निकाली। प्रदर्शन के दौरान पहुंचे कांग्रेस नेता डॉ. हरक सिंह रावत ने नर्सिंग अभ्यार्थियों की रैली में शामिल होकर उनका समर्थन किया। शुक्रवार को नर्सिंग एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष नवल पुंडीर के नेतृत्व में नर्सिंग अधिकारी लैंसडोन चौक के समीप एकत्र हुए।यहां से नर्सिंग अधिकारियों व बेरोजगारों ने वरिष्ठता के आधार पर नर्सिंग अधिकारी की भर्ती करने समेत अन्य मांगों को लेकर रैली निकाली। कनक चौक के समीप कांग्रेस नेता डॉ. हरक सिंह रावत भी रैली में शामिल हुए। जैसे ही नर्सिंग अधिकारी सड़क पर ही धरने पर बैठने लगे तभी पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक लिया।पुलिसकी प्रदर्शनकारियों के साथ नोकझोंक हो गई। पुलिस ने सख्ती दिखाकर उन्हें हिरासत में ले लिया। कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत ने भी विरोध किया।

पुलिस नेकांग्रेस नेता रावत समेत अन्य प्रदर्शनकारियों को बस में बैठाकर धरना स्थल एकता विहार भेज दिया।हालांकि कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत बीच रास्ते में ही उतर गए।

नर्सिंग अधिकारी भर्ती परीक्षा पोर्टल को बंद करे सरकारः मंच शुक्रवार को एकता विहार में हल्द्वानी, अल्मोड़ा, देहरादून, टिहरी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ समेत पूरे राज्य से धरने में पहुंचे नर्सिंग बेरोजगारों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन के दौरान मंच के अध्यक्ष नवल पुंडीर ने कहा कि मेडिकल के क्षेत्र में हमेशा से वरिष्ठता के आधार पर भर्ती की जा रही है। इस बार सरकार ने नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव किया है जिससे नर्सिंग बेरोजगारों में रोष है। हैं। इस वजह से जिन अभ्यर्थियों की उम्र तय सीमा से अधिक हो चुकी है वह भर्ती परिक्षा में नहीं बैठ पाएंगे। यह उन लोगों के साथ अन्याय है जो काफी समय से नर्सिंग अधिकारी भर्ती का इंतजार कर रहे थे। नर्सिंग अभ्यार्थियों की मांग है कि वर्तमान समय में जारी नर्सिंग अधिकारी भर्ती परीक्षा पोर्टल को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए, नर्सिंग अधिकारी भर्ती को पूर्व की तरह वर्षवार प्रक्रिया के अनुसार संचालित किया जाए।

### निगम कर्मचारी बीस को सीएम आवास कूच करेंगे

देहरादून। राज्य निगम कर्मचारी–अधिकारी महासंघ की बैठक में बीस दिसंबर को सीएम आवास कूच की तैयारियों पर चर्चा हुई। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में महासंघ के पदाधिकारियों ने कूच को सफल बनाने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश पंत ने कहा कि महासंघ रोडवेज में कार्यरत ऐसे संविदा और विशेष श्रेणी कर्मचारी जिन्हें 2025 तक दस साल पूरे हो गए हैं, उनको नियमित करने, निगम कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के अनुरूप मकान किराया भत्ता देने, राज्य कर्मचारियों की भांति शासन की ओर से निर्गत आदेशों का लाभ निगम कर्मचारियों को देने की भी मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिस कारण महासंघ को मजबूरन आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। बताया कि दस दिसंबर को महासंघ से जुड़े अधिकारी–कर्मचारी आईएसबीटी पर धरना देंगे और बीस दिसंबर को परेड ग्राउंड से सीएम आवास कूच करेंगे। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष मेजपाल सिंह, मनमोहन चौधरी, दिनेश गुसाईं, बीएस रावत आदि मौजूद रहे।

# गढ़वाल आयुक्त से मिले पार्षद, कर्मचारियों की कमी का मुद्दा उठाया

देहरादून। नगर निगम के पार्षदों ने शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वार्डों में जरूरत के मुताबिक सफाई कर्मचारी तैनात करने, सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए फ्लोईओवर के नीचे शौचालयों का निर्माण करने और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाने समेत विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया। इसके बाद पार्षद मेयर सौरभ थपलियाल और नगर आयुक्त नमामी बंसल से मिले। इस दौरान सभी ने सौ वार्डों में सीसीटीवी कैमरे जल्द स्थापित करने की मांग। इसके लिए बोर्ड बैठक में हर वार्ड के लिए पांच– पांच लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया था। प्रस्तावित विकास कार्य शुरू करवाने की मांग की। मेयर ने कहा जल्द टेंडर जारी करेंगे। इसके अलावा सफाई कार्य की मॉनीटरिंग नियमित रूप से करने, शहर में पारंपरिक शैली के प्रवेश द्वारों का निर्माण, पुराने विद्युत पोल हटाकर नए पोल लगवाने, प्रस्तावित ड्रेनेज प्लान के तहत धरातल पर जलभराव की समस्या हल करने को काम शुरू करने समेत अन्य मांगों पर चर्चा की गई। इस दौरान पार्षद अमिता सिंह, सतीश कश्यप, पुष्कर सिंह चौहान, रमेश गौड़, रोहन चंदेल, अंकित अग्रवाल, रजनी देवी, महेंद्र कुकरेजा, दीपक नेगी, सुधीर थापा आदि मौजूद रहे। रेंजर्स ग्राउंड में संडे मार्केट लगाने पर लगे प्रतिबंध व्यापार मंडल के बाद अब पार्षदों ने रेंजर्स ग्राउंड से संडे बाजार को दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com